चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/प्रयो0/685
दिनांक : 4/7/22

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा नई शिक्षा नीति (N.E.P.-2020) के अन्तर्गत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम) के प्रथम सेमेस्टर की सतत् आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के जो अंक अपलोड किये गये हैं, उनमें निम्न विसंगतियां पाई गयी हैं :–

1. कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा कौशल विकास कोर्स (Skill development/Vocational course) के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं जबकि कुछ महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा कौशल विकास कोर्स के अंक निर्धारित पूर्णांक 100 जिसमें प्रशिक्षण/ट्रैनिंग/प्रैक्टिकल आधारित कार्य हेतु निर्धारित अंक 60 तथा सैद्धान्तिक (Theory) आधारित कार्य हेतु निर्धारित अंक 40 में से नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में पूर्व में विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0/357, दिनांक 26.04.2022 भी निर्गत की जा चुकी है और उक्त नियम विश्वविद्यालय के एन0ई0पी0 पोर्टल पर भी तत्समय अपलोड कर दिये गये थे।
2. उक्त के अतिरिक्त अन्य विषयों यथा–मुख्य/माईनर/सह पाठ्यक्रम के सतत् आन्तरिक मूल्यांकन के अंक पूर्णांक 25 में से अपलोड किये जाने थे। कतिपय महाविद्यालयों/ संस्थानों द्वारा अभी तक उक्त अंक अपलोड नहीं किये गये हैं तथा कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा निर्धारित पूर्णांक 25 में से अंक अपलोड नहीं किये गये हैं।
3. जिन विषयों में प्रयोगात्मक परीक्षा होनी हैं, कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अभी तक विभिन्न विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं एवं कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा निर्धारित पूर्णांक 75 में से अंक अपलोड नहीं किये गये हैं।

उक्त विसंगतियों के कारण एन0ई0पी0 के प्रथम सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो जाने के उपरान्त भी परीक्षा परिणाम घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। उल्लेखनीय है कि द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षायें इसी माह आयोजित होनी हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त से सम्बन्धित सभी नियम विश्वविद्यालय द्वारा एन0ई0पी0 पोर्टल पर अपलोड किये जा चुके हैं।

अतः ऐसे महाविद्यालय/संस्थान जिनके द्वारा सतत् आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक अभी तक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं अथवा निर्धारित पूर्णांक में नहीं किये गये हैं, उन महाविद्यालयों/संस्थानों से अनुरोध है कि प्रत्येक दशा में 03 दिवस के अन्दर अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करते हुए अंकपर्णो की दो प्रतियाँ सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि एन0ई0पी0 के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया जा सके।

04/07/2022

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति–कुलपति को मा0 प्रति–कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, वेब साईट/कम्प्यूटर सेल/परीक्षा परिणाम सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
5. आउट सोर्स कम्पनी (मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रभारी/सहा0 कार्यालय अधीक्षक व्या0पाठ्य0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/663